छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2014 ▪ वर्ष-10








EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

छ.ग. विद्युत कं. मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2014 ▪ वर्ष-10

**संरक्षक**

- **श्री शिवराज सिंह**
  अध्यक्ष
- **श्री सुबोध सिंह**
  प्रबंध निदेशक (वितरण / ट्रेडिंग कं. मर्या.)
- **श्री जनार्दन कर**
  प्रबंध निदेशक (उत्पादन कं. मर्या.)
- **श्री विजय सिंह**
  प्रबंध निदेशक (पारेषण कं. मर्या.)
- **श्री अनूप कुमार गर्ग**
  प्रबंध निदेशक (होल्डिंग कं. मर्या.)
- **श्री पी.के. अग्रवाल**
  महाप्रबंधक (मा.सं.)
- **श्री ओ.पी. खंडेलवाल**
  अति. महाप्रबंधक (मा.सं.)

**संपादक**

- **श्री विजय कुमार मिश्रा**
  उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)




**सहयोग**

- **श्री जाबीर मोहम्मद कुरेशी**

**छायाकार**

- **श्री संजय टेम्बे**

**पता :**
**संपादक : संकल्प**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.
डंगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़
Email : vijay.mishra361@gmail.com


# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी मर्यादित

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2014 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2286 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2424.76 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ........ मेगावॉट | 1064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब केंद्रों की संख्या | 27 नग | 82 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की संख्या | 5205 सर्किट कि.मी. | 10023 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 836 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 16846 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ह. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 90760 नग |
| 11 के.व्ही. लइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 79446 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 141523 कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित | 94 एमव्हीआर | 935 एमव्हीआर |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | - | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17901 | 18935 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 91.00 | 96.77 |
| विद्युतीकृत मजराटोलो की संख्या | 10375 | 24976 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 72400 | 325104 |
| एकलबत्ती कनेक्शन | 630389 | 1492417 |

## संपादकीय



# सुखद बदलाव की बयार

**धान** का कटोरा छत्तीसगढ़ अब धान का ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार के फसलों, फूलों-फलों और तरकारियों का भी भण्डार बनता जा रहा है। कृषि कार्य के लिए सिंचाई सुविधा हेतु सहजता से उपलब्ध विद्युतीकरण पम्पों में तेजी से हो रही वृद्धि ही इसका मुख्य कारण है। राज्य गठन के समय प्रदेश में विद्युतीकृत पम्पों की संख्या मात्र 72400 थी। इसमें तेजी से बढ़ोत्तरी करते हुये 2,52,704 से अधिक नये पम्पों का विद्युतीकरण किया गया। इसका सुफल हाल ही में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर कृषि जगत में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये मिले ''कृषि कर्मण पुरस्कार'' को कहा जा सकता है। सिंचाई हेतु विद्युतीकृत पम्पों की सुविधा का अभूतपूर्व विस्तार किया जाना प्रदेश में भरपूर बिजली की उपलब्धता का सीधा संकेत है।

विद्युत से विकास की गाथा गढ़ते छत्तीसगढ़ में विद्युतीकृत पम्पों की बढ़ती संख्या के अलावा ग्रामीण विद्युतीकरण के बढ़ते प्रतिशत ने भी जन-जन को मोहित किया है। ग्रामीण विद्युतीकरण के पायदान पर कभी लड़खड़ाते छत्तीसगढ़ के कांधे पर आज करीब पचास फीसदी से अधिक जिलों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण होने का तमगा सूरज की भांति चमक रहा है। रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा और रायगढ़ जिले को शत-प्रतिशत विद्युतीकृत होने का गौरव प्राप्त है। प्रदेश के शेष अधिकांश जिले भी बिजली से हो रही प्रगति के गीत गुनगुनाते शत-प्रतिशत विद्युतीकृत होने की दहलीज पर खड़े हैं।

गांव-शहर, खेत-खलिहान, कृषि-उद्योग में ऊर्जा से उन्नति के चित्र उकेरने में रत पॉवर कंपनियां अपने भीतर निहित सर्वोत्तम-श्रेष्ठता को प्रदर्शित करते सतत सक्रियता को दिन-रात उजागर कर रही हैं। पॉवर कंपनी की घर्र-घर्र घर्र-घर्र करती टरबाईन से उत्पादित बिजली, आंधी, पानी, तूफान की मार सहते विद्युत के तारों पर फर्राटे से दौड़ लगाती बिजली, परहित के लिए ज्यादा से ज्यादा जलने-खपने के लिए उतावली बनी हुई है। बिजली का ज्यादा से ज्यादा खपना उसकी बढ़ती महत्ता का प्रतीक है। इसे छत्तीसगढ़ के इतिहास ने बखूबी प्रमाणित किया है।

आराम-विश्राम जैसे शब्द बिजली के जीवन के शब्दकोश में दर्ज नहीं है। यही वजह है कि बिजली अपनी खोज के दिन से ही प्रगति की अग्रदूत बनी हुई है। साथ ही सक्रियता की महत्ता को उजागर करते हुए संदेश देती है कि ''जीवन साईकिल चलाने के समान है'', जब तक साईकिल के पाइडिल पर पांव चलाते रहेंगे, वह चलती रहेगी। पाइडिल मारना ज्यों ही बंद करेंगे तो साईकिल न केवल थम जायेगी, बल्कि उसका संतुलन भी बिगड़ जायेगा और वह धड़ाम से जमीन पर गिर पड़ेगी।

अपने जीवन में उन्नति के उत्कर्ष पर पहुंचे अमेरिका के गांधी कहे जाने वाले मार्टिन लुथर किंग (जूनियर) जी प्रगति के सिद्धांत को व्यक्त करते हुए कहते हैं- लक्ष्य की ओर बढ़ता हर कदम त्याग और कठिन परिश्रम के साथ जुनून भी मांगता है। लगातार प्रयासों से ही सुखद बदलाव की बयार आती है।

**विजय मिश्रा**

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में शहीद दिवस पर 30 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग की प्रमुखता में पारेषण, उत्पादन, वितरण, ट्रेडिंग एवं होल्डिंग कपंनी के अधिकारियों / कर्मचारियों ने देश के अमर शहीदों का स्मरण कर सादर नमन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुये विद्युतकर्मियों ने दो मिनट मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा का संयोजन अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री ओ.पी. खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने किया।



# मुंगेली - पण्डरिया अतिउच्चदाब लाईन क्रियाशील

प्रदेश की पारेषण प्रणाली को विकसित करने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी सतत् प्रगति की ओर अग्रसर है, जिसके अंतर्गत कंपनी ने एक और उपलब्धि अंकित की है। कंपनी द्वारा ''मुंगेली से पण्डरिया'' 132 के.व्ही. की नवनिर्मित लाईन को 24 जनवरी को कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री विजय सिंह एवं अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में क्रियाशील किया गया।

कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री सिंह ने इस बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि 38 किमी. लम्बी इस पारेषण लाईन के निर्माण कार्य में लगभग 14 करोड़ रुपये का व्यय भार आंकलित है। इसके निर्माण से पूर्व 132/33 के. व्ही. उपकेंद्र पण्डरिया एवं 132/33 के.व्ही. उपकेंद्र कवर्धा को केवल 132 के.व्ही की एक ही सप्लाई 220/132 के.व्ही. उपकेंद्र बेमेतरा से उपलब्ध थी। जिला कबीरधाम के लो-वोल्टेज की समस्या के कारण इस क्षेत्र के रहवासियों को कृषि, घरेलू, व्यवसायिक एवं उद्योग संबंधी कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था एवं लाईन में खराबी होने पर काफी समय तक विद्युत का अवरोध बना रहता था। लेकिन डबल लाईन होने के कारण अब पण्डरिया एवं कवर्धा को 220 के.व्ही सबस्टेशन बेमेतरा के साथ-साथ भाटापारा 220 के.व्ही. उपकेंद्र से भी विद्युत सप्लाई उपलब्ध हो गई है एवं कु. ही दिनों में यह लाईन 220 के.व्ही मुंगेली उपकेंद्र से भी कनेक्ट हो जायेगी।

# रायता से खेदामारा 400 के.व्ही. लाईन का एक सर्किट क्रियाशील

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी द्वारा अतिउच्चदाब पारेषण प्रणाली का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायता से खेदामारा तक निर्मित 400 के.व्ही. की डबल सर्किट लाईन का एक सर्किट को 26 फरवरी को क्रियाशील किया गया। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने बताया कि 46 कि.मी. लंबी लाईन को क्रियाशील करने में पारेषण कंपनी के अभियंताओं एवं अधिकारियों की उल्लेखनीय भूमिका रही है। आज उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक क्रियाशील की गई। इस नवनिर्मित लाईन की अनुमानित लागत लगभग 60 करोड़ रुपए है।

आगे श्री सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार निर्माणाधीन कार्यों के अंतर्गत यह नवनिर्मित लाईन से मढ़वा ताप विद्युत गृह से उत्पादित विद्युत का पारेषण किया जाएगा। इस लाईन के माध्यम से मड़वा से रायता उपकेंद्र होते हुए सीधे खेदामारा उपकेंद्र तक पहुंचेगी। खेदामारा उपकेंद्र विभिन्न विभिन्न राज्यों की पारेषण प्रणाली से भी जुड़ा हुआ है। अतः यहां उपलब्ध विद्युत का उपयोग छत्तीसगढ़ तथा अन्य राज्यों के लिए आवश्यकतानुसार किया जा सकेगा।

# विशालकाय ट्रांसफार्मर की तकनीकी त्रुटि को स्थानीय स्तर पर सुधार कर पारेषण कंपनी के अभियंताओं ने बचाए करोड़ों रुपए


छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के एक बड़े ट्रांसफार्मर में आई जटिल तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने की उल्लेखनीय उपलब्धि पारेषण कंपनी के अभियंताओं ने अर्जित की। कंपनी के 400/220 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र खेदामारा भिलाई में स्थापित 315 एम.व्ही.ए. के ट्रांसफार्मर की निर्माता कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड के अभियंताओं द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पन्न खराबी को दूर करने में असमर्थता व्यक्त की गई थी। साथ ही इसके मरम्मत कार्य पर अनुमानित व्यय करीब दो करोड़ बताया गया था। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने उत्कृष्ट कार्यदक्षता का प्रदर्शन करते हुए कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने वाले अभियंताओं को बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि पारेषण कंपनी के अभियंताओं ने ट्रांसफार्मर की खराबी को दूर करके अपनी तकनीकी कुशलता का परिचय देने के साथ ही कंपनी को एक बड़े आर्थिक संकट से भी उबार दिया।

श्री सिंह ने खेदामारा उपकेंद्र में खराब पड़े विशालकाय ट्रांसफार्मर की त्रुटि को दूर करने के संबंध में बताया कि उच्चाधिकारियों की बैठक लेकर ट्रांसफार्मर को सुधारने फौरी पहल की गई। बैठक में निर्णय कर कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. परमार को भोपाल स्थित भेल के ट्रांसफार्मर कारखाना में नए बन रहे अन्य ट्रांसफार्मर की संपूर्ण आंतरिक गठन की सूक्ष्मता से निरीक्षण करने भेजा गया। श्री परमार, ने भेल कंपनी के कर्मचारियों से भिलाई के ट्रांसफार्मर के परीक्षण एवं अन्य तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा कर खेदामारा स्थित ट्रांसफार्मर में संभाति खराबी के कारणों को चिन्हित किया।

ट्रांसफार्मर की खराबी को चिन्हित करने के उपरांत पारेषण कंपनी के अभियंताओं द्वारा भिलाई में ही उपलब्ध संसाधन तथा कर्मचारियों की सहायता से सुधारा गया एवं सुधारने के पश्चात तकनीकी तौर पर पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर ट्रांसफार्मर को पुनः चालू करने में सफलता पाई। इस कार्य में विभागीय तौर पर लगभग 5 लाख रुपए खर्च हुए। जबकि भेल के इंजीनियरों द्वारा बताए गए कार्यों के मुताबिक ट्रांसफार्मर का सुधार स्थानीय स्तर पर संभव नहीं था, चूंकि खेदामारा में इस बात के लिए आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। अतः इसे भोपाल ले जाना पड़ेगा जिसमें लगभग 2 करोड़ का खर्च संभावित है।

## चापलूस मित्र

एक राजा के दरबार में एक बहुत प्रतिभाशाली लेकिन चारणप्रवृत्ति वाला कवि था। वह राजा के लोभ, क्रूरता और अत्याचारों को छिपाने के लिए उसकी प्रशंसा में एक से बढ़कर एक कविताएं लिखता था और सार्वजनिक रूप से उनका वाचन किया करता था। राजा उसे भारी इनाम दे-देकर उपकृत करता रहता था। एक दिन कवि कहीं से गुजर रहा था तो उसने नगर के शिक्षक और उसके मित्रों को कहते सुना कि हमारा राजा एकदम अंधा है। उसने राजा से शिकायत कर दी। राजा ने शिक्षक को दरबार में बुला भेजा। वह साहसपूर्वक बोला कि जब आप सब कुछ होते हुए भी लोभ और क्रोध के वशीभूत होकर निर्दोषों पर अत्याचार करते हैं और उनके भीतर पनप रही पीड़ा और आक्रोश को नहीं देख पाते तो आपको अंधा नहीं तो और क्या कहा जाएगा। आपकी इस दशा के लिए यह कवि और इसके जैसे आपके तमाम चापलूस मित्र जिम्मेदार हैं। राजा को उसकी बात समझ में आ गई और उसने उससे क्षमा मांगकर चारण कवि को दरबार से निकाल दिया और उसी दिन से खुद को बदलने का निश्चय कर लिया।



## वह महान इंजीनियर

देश में अंग्रेजों का शासन था। बंबई मेल अंग्रेज यात्रियों से खचाखच भरी हुई तेज गति से दौड़ी जा रही थी। एक डिब्बे में धोती-कुर्ता पहने सांवले रंग का एक भारतीय यात्री बैठा था। सभी अंग्रेज यात्री उस पर व्यंग्य कर रहे थे। कुछ देर बाद अचानक उस व्यक्ति ने उठकर रेल की जंजीर खींच दी। जब रेल रुकी तो गार्ड अंदर आया और उसने पूछा कि जंजीर किसने खींची है? इस पर वह व्यक्ति बोला, 'जंजीर मैंने खींची है। मुझे ऐसा अनुमान हुआ कि यहां से लगभग एक फर्लांग दूर रेल की पटरी उखड़ी हुई है।' गार्ड हैरानी से उस व्यक्ति को देखते हुए बोला, आपको कैसे पता लगा? वह व्यक्ति बोला, 'दलअसल गाड़ी की स्वाभाविक गति में अंतर आ गया था। इससे प्रतिध्वनित होने वाली आवाज से मुझे खतरे का आभास हो गया।' गार्ड उस व्यक्ति के साथ कुछ अन्य यात्रियों को लेकर एक फर्लांग से आगे पहुंचा तो यह देखकर सभी लोग दंग रह गए कि वास्तव में एक जगह रेल की पटरी के जोड़ खुले हुए थे और नटबोल्ट अलग पड़े थे। अब सभी लोग उस व्यक्ति की सराहना करने लगे। गार्ड ने उससे पूछा, 'आप कौन हैं? वह व्यक्ति सहज भाव से बोला, मैं एक इंजीनियर हूं, और मेरा नाम डॉ. एम. विश्वेश्वरैया है।' नाम सुनतेही सब सन्न रह गए। डॉ. एम. विश्वेश्वरैया का नाम देश के महान इंजीनियरों में गर्व से लिया जाता है।

# हसदेव ताप विद्युत गृह तथा बीजापुर - भिलाई संभाग को सर्वश्रेष्ठता पुरस्कार



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी द्वारा प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने, पारेषण-वितरण हानि में कमी करने, ट्रांसफार्मरों के फेलुअर की संख्या घटाने का त्वरित गति से निपटारा करने वाले विद्युत गृहों तथा विभिन्न संभागीय कार्यालयों की वार्षिक समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत हसदेव ताप विद्युत गृह क्रमांक- एक तथा न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलवर हेतु संचारण-संधारण संभाग बीजापुर एवं न्यूनतम लाईन लॉस हेतु संचारण-संधारण संभाग भिलाई को सर्वश्रेष्ठता का पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिये 14 विद्युत कर्मी पुरस्कृत

पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह द्वारा उक्त चयनित विद्युत गृह एवं संभागों को नकद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया। इसी क्रम में प्रतिवर्षानुसार गणतंत्र दिवस पर प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 अधिकारियों / कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। श्री सिंह ने पुरस्कृतजनों के कार्यों को छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में महत्वपूर्ण योगदान निरूपित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत ऊर्जा के बूते उन्नत राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ की विशेष पहचान बन गई है।

समारोह में कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री पी.के. अग्रवाल ने पुरस्कृत कार्यालय-कर्मचारियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पुरस्कार वितरण समारोह में कोरबा पश्चिम स्थित हसदेव ताप विद्युत गृह क्रमांक- एक को उत्कृष्ट विद्युत उत्पादन के लिये 3 लाख रुपये, न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलवर हेतु संचारण-संधारण संभाग बीजापुर एवं न्यूनतम लाईन लॉस हेतु संचारण-संधारण संभाग भिलाई को 50-50 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में राज्य स्तर पर श्री संजय कौशिक, श्री मिथिलेश धर दुबे, श्री सीताराम विश्वकर्मा, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री अकालू राम निषाद, श्री लक्ष्मीनारायण तारम, श्री कन्हैया लाल यादव, को रुपये दो हजार नकद एवं प्रशस्ति पत्र से पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने सम्मानित किया। इसके साथ ही केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर पुरस्कृत होने वाले कर्मियों में सर्वश्री रमेश कुमार खम्हारी, टेनीशन कुमार कुम्भज, बी.अधिकारी, अजय कुमार शर्मा, हबीबउल्ला खान एवं एन.यू.खान शामिल है।

(फोटो अंतिम कव्हर पेज पर)

गणतंत्र दिवस 2014 के अवसर पर पुलिस ग्राउण्ड रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा प्रदर्शित मनोहारी झांकी का दृश्य



# गणतंत्र दिवस पर आनंद मेला का आयोजन



आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा गणतंत्र दिवस पर पॉवर कंपनी मुख्यालय के खेल मैदान में आनंद मेला का रंगारंग आयोजन किया गया। मेला के शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा शिवराज सिंह ने महिला मण्डल के कार्यों की सराहना करते हुये भविष्य में भी सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सक्रियता को बनाये रखने का आव्हान सदस्यों से किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती यास्मीन सिंह ने महिला सशक्तीकरण, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की पुरजोर महत्ता प्रतिपादित करते हुये सामाजिक बुराईयां विशेषकर कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम पर बल दिया।

इस अवसर पर महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने वर्ष 2013-14 के दौरान मण्डल द्वारा किये गये विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों एवं संगठनों को दी गई सहयोग राशि तथा भविष्य के क्रियाकलापों की जानकारी दी। समारोह में सलाहकार श्रीमती आभा शुक्ला कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी - सदस्य उपस्थित थे। समारोह का संचालन सचिव श्रीमती नीलम मेहता ने तथा विशिष्टजनों के प्रति आभार प्रदर्शन उपसचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने किया। मेले में लगाये गये विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ ही आगन्तुकों ने मनू कापसे द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीत - संगीत का भरपूर लुत्फ उठाया।

# ऑनलाईन विद्युत कनेक्शन ले सकेंगे विद्युत के उपभोक्ता

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की सेवा में सुधार एवं विस्तार हेतु अत्याधुनिक तकनीकी-प्रणालियों का उपयोग सतत किया जा रहा है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए अब उपभोक्ताओं को ऑनलाईन नए विद्युत कनेक्शन देने की शुरुआत की जा रही है। प्रदेश इतिहास में पहली बार आरंभ हो रही यह सुविधा प्रथम चरण में 13 शहरों में प्रारंभ की जा रही है। विद्युत कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए ऐसी नवीनतम पहल की गई है। विवरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह ने बताया कि उपभोक्तागण कंपनी की वेबसाइट 'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीएसपीडीसीएल डॉट सीओ-इन' (www.cspdcl.co-in) के माध्यम से अब सहजतापूर्वक नए विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन करने के अलावा विद्युत देयकों एवं उसके भुगतान से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नवीन विद्युत कनेक्शन के आवेदन हेतु उपभोक्ताओं को कंपनी के वेबसाइट पर दिए गए प्रारूप में आवश्यक जानकारी दस्तावेजों के साथ अपलोड करना होगा। उपभोक्ताओं द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किए गए दस्तावेजों एवं जानकारियों को संबंधित कार्यालय द्वारा सत्यापित करने के उपरांत नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। इस नयी सुविधा से उपभोक्ताओं के समय, श्रम और अर्थ की भी बचत हो सकेगी। ऑनलाईन कनेक्शन लेने की सुविधा को प्रथम चरण में प्रदेश के अंबिकापुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, मुंगेली, चांपा, कांकेर, डोंगरगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव, दल्लीराजहरा, भाटापारा, महासमुंद और धमतरी में प्रारंभ की जा रही है। अगले क्रम में इसका विस्तार करते हुए माह अप्रैल 2014 तक दुर्ग-भिलाई-चरौदा, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा और नैला-जांजगीर शहरों में भी यह सुविधा प्रारंभ किए जाने की योजना है। तृतीय चरण में पूरे प्रदेश में ऑनलाईन कनेक्शन की योजना को साकार करने का लक्ष्य निर्धारित है।

उपभोक्ता सेवा में वृद्धि करने वितरण कंपनी को सेप सिस्टम से विद्युत बिल जारी करने एवं वितरण केंद्र स्तर तक वाइड एरिया नेटवर्किंग लागू करने के मामले में छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को राज्य में अव्वल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में संचालित वितरण कंपनी की सबसे छोटी इकाईयां 'वितरण केंद्रों' को वाइड एरिया नेटवर्किंग के द्वारा मुख्यालय से जोड़ने की अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की गई है। ऐसी नवीनतम तकनीकी के उपयोग का लाभ लेते हुए विद्युत उपभोक्ता अपने विद्युत बिलों का भुगतान कंपनी की वेबसाइट 'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीएसपीडीसीएल डॉट सीओ-इन' में लॉग इन करके इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर रहे हैं।



# होल्डिंग कंपनी के अधिकारियों की स्थानांतरण पर विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के अति. महाप्रबंधक श्री ओ.पी. खण्डेलवाल का स्थानांतरण उत्पादन कंपनी के मानव संसाधन विभाग में होने तथा लेखाधिकारी श्री एच.के. शर्मा के पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण होने पर होल्डिंग कपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 10 फरवरी 14 को भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री पी.के. अग्रवाल ने विदाई समारोह में विदा लेते श्री खण्डेलवाल - श्री शर्मा को प्रतीकात्मक भेंट प्रदान किया गया। साथ ही उन्होंने विदा लेते अधिकारियों के साथ श्री खण्डेलवाल के साथ बिताये अपने कार्यकाल को यादगार एवं मानव संसाधन विभाग के लिए महत्वपूर्ण निरूपित किया।

विदाई समारोह में श्री खण्डेलवाल ने मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने मानव संसाधन के कार्यों के प्रति सजग रहने का आव्हान किया। विदा हुये अधिकारियों का स्वागत उपमहाप्रबंधक सर्वश्री डी.डी. पात्रीकर, एस.आर. बांधे, डॉ. हेमंत सचदेवा, जितेन्द्र मेहता, आईआरओ. श्री जी. खण्डेलवाल, सीएलओ. श्री डी.के. शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन - आभार प्रदर्शन श्री विजय मिश्रा उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) ने संचालन किया।

## महासमुन्द - बागबहरा तथा विश्रामपुर - बलरामपुर अतिउच्चदाब लाईनें क्रियाशील

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी द्वारा अतिउच्चदाब पारेषण प्रणाली का विस्तार करते हुये दो नई लाईनों को क्रियाशील किया गया। महासमुन्द - बागबहरा तथा विश्रामपुर - बलरामपुर के मध्य लगभग 5.1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन नई अतिउच्चदाब लाईनों का निर्माण किया गया। उक्त जानकारी देते हुये पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री विजय सिंह ने बताया कि प्रदेश में विद्युत लाईनों को मजबूत बनाने और बेहतर पारेषण के मद्देनजर विद्युत लाईनों का जाल बिछाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महासमुन्द (परसवानी) से बागबहरा तक लगभग 45 किमी. लम्बी डीसीडीएस अतिउच्चदाब लाईन के दूसरे सर्किट का निर्माण कार्य लगभग 3.60 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया। इसकी क्रियाशीलता से झलप, बागबहरा, सांकरा, सरायपाली, सारंगढ़, रायगढ़ और आसपास के अन्य कस्बे एवं गांवों जैसे- सुनसुनिया, भीमखोज, खल्लारी, कोमाखान, नर्रा, टेमरी, तेन्दुकोना, मुनगासेर, गांजर, बुंदेली, नरतोरा, एवं गोड़पाली की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज और विद्युत व्यवधान की संभावनाये कम हो जायेंगी और गुणवत्तापूर्ण विद्युत पारेषण के नये द्वार खुलेंगे। आगे श्री सिंह ने बताया कि उपरोक्त लाईन की सेकन्ड सर्किटिंग होने से 220 के.व्ही. महासमुन्द एवं 220 के.व्ही. सरायपाली विद्युत उपकेंद्र की कनेक्टीविटी डबल हो जायेगी जिससे लाईन लॉस में भी कमी आयेगी और बीच में आने वाले 132 केव्ही. के उपकेंद्र बागबहरा, झलप, सांकरा भी डबल कनेक्टीविटी से जुड जाएंगे। इसी तरह लगभग 1.5 करोड़ के अनुमानित व्यय से 132/33 के.व्ही. उपकेंद्र प्रतापपुर को ऊर्जीकृत करने के लिए 2.8 सर्किट किमी. लीलो लाईन का निर्माण कर विश्रामपुर - बलरामपुर लाईन से जोड़ा गया। इस लाईन के ऊर्जीकृत होने से 132/33 के.व्ही. उपकेंद्र प्रतापपुर के इस सप्ताहांत तक क्रियाशील होने की संभावना बढ़ गई है। जिसके ऊर्जीकृत होने से लगभग 182 गांवों की विद्युत समस्याएं कम होंगी तथा इसके निर्माण से इन प्रभावित क्षेत्रों को भविष्य में बिना व्यवधान के समुचित विद्युत व्यवस्था का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

## कर भला तो हो भला

एक सड़क के बीचों-बीच भारी पत्थर पड़ा था। एक साइकिल वाला उधर से गुजरा पर उसका ध्यान कहीं और था। वह पत्थर से टकरा गया तथा गिर गया। वह उस पत्थर को तथा पत्थर रखने वाले का भला-बुरा कहते हुए निकल गया। जो भी उधर से गुजरता उस पत्थर से टकरा कर गिरता फिर संभल कर आगे बढ़ जाता। सुबह से शाम तक ना जाने कितने लोग गिरते रहे। इसी बीच एक फूल बेचने वाला उधर से गुजरा। पत्थर से उसकी साइकिल टकराई तो फूलों का पूरा टोकरा बिखर गया। उसने बिखरे फूल समेट कर अपने टोकरे में जमा कर लिए तथा जाने के पहले उस भारी पत्थर को एक तरफ खसका दिया। यह सोचकर कि आगे आने वाले लोग इससे टकरा कर न गिर पड़ें। इसी बीच उसकी निगाह पत्थर के नीचे पड़े एक लिफाफे पर पड़ी। उसने लिफाफा खोला तो वह बड़ा खुश हुआ। उसमें एक हजार रुपए का नोट था और साथ ही एक पर्ची भी थी जिस पर लिखा था- दूसरों का भला सोचने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम।

# अन्तरराज्यीय विद्युत मंडल बैडमिंटन स्पर्धा संपन्न




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी की मेजबानी में आयोजित 39वीं अन्तरराज्यीय विद्युत मंडल बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन 06 से 10 जनवरी तक यूनियन क्लब रायपुर में किया गया। स्पर्धा में 19 टीमों ने अपनी हिस्सेदारी दी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल मैदान आत्मविश्वास को बढ़ता है और टीमवर्क की भावना को जगाता है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि यूनियन क्लब सचिव श्री गुरूचरण सिंह होरा एवं प्रबंध निदेशक श्री एम.एस. चौहान ने खेल मैदान को भाईचारा-मित्रता बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माध्यम ठहराया। मैच की प्रमुख निर्णायिका श्रीमती कविता-अनुराग दीक्षित भी मंचासीन थे। स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य आतिथि श्री होरा एवं प्रबंध निदेशक श्री चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का आव्हान किया। स्पर्धा के पुरूष-महिला वर्ग में पंजाब-कर्नाटक को विजेता तथा हरियाणा-आंध्रप्रदेश को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। पुरूष वर्ग में तीसरे क्रम पर केरल एवं महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीमें रहीं।

स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार पुरूष वर्ग में रिलायंस मुम्बई के श्री राघव भोसले एवं महिला वर्ग में कर्नाटक(ट्रांस्को) की बी.आर. कोकिला ने अर्जित किया। सिंगल ओपन के पुरूष तथा महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः लखविन्दर सिंह, रोहित भाखरा, राजकुमार एवं बी.आर. कोकिला, ई.बी. नंदिनी, तथा अनिता सिंह दीक्षित रहे। इसी तरह ओपन डबल्स के विजेताओं में पुरूष वर्ग में वीरेन्द्र - सुरेन्द्र कुमार, मोह. सलीम - नवदीप, रामलखन - लखविंदर पाल सिंह रहे। महिला खिलाड़ियों के डबल्स ग्रुप में बी.आर. कोकिला - ई.बी. नंदिनी, पी.पी. यदु कंडालु - बी.शांताकुमार एवं छत्तीसगढ़ की अनिता सिंह उइके - दिव्या गढ़पाइले रहीं।

समारोह के आरंभ में अतिथियों का स्वागत मुख्य अभियंता श्री डी.के.भालेराव, आर.के.तिवारी महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पी.के.अग्रवाल क्रीडा परिषद के सचिव एवं स्पर्धा के नोडल अधिकारी श्री पी.के.खरे, डॉ. हेमंत सचदेवा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।



# अंतरक्षेत्रीय टेबिल टेनिस स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र विजेता- केन्द्रीय कार्यालय उपविजेता



केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी के सेन्ट्रल ऑफिस रीजन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय विद्युत मण्डल टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ 05 फरवरी 14 को डंगनिया स्थित टेबिल टेनिस हॉल में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक वित्त श्री एम.एस.चौहान थे। इस अवसर पर श्री सिंह ने प्रदेश को ऊर्जा के साथ-साथ खेल जगत में अग्रसर करने का आव्हान खिलाड़ियों से किया। स्पर्धा के आरंभ में केन्द्रीय कार्यालय खेल क्षेत्र के सचिव मुख्य अभियंता श्री डी.के. भालेराव ने स्पर्धा की जानकारी दी। स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में रायपुर क्षेत्र को विजेता एवं केन्द्रीय कार्यालय रायपुर की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री जनार्दन कर ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई तथा अन्य खिलाड़ियों को आनंदपूर्वक बेहतर प्रदर्शन करने का मंत्र दिया। अतिथियों का स्वागत कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. मेहता, मुख्य अभियंता श्री आर.सी. चौबे, प्रदीप चौधरी, क्रीडा परिषद के खेल सचिव श्री पी.के. खरे, कार्यालय सचिव श्री हेमन्त सचदेवा, विमल मिश्रा, जी.के. गंगवानी, ईरा पंत, श्रद्धा वर्मा ने किया।

विजेता टीम में सर्वश्री रजनीश ओबेराय, राम सांवले, अनुराग शर्मा, देवाशीष राय एवं योगेश प्रधान तथा उपविजेता टीम में सर्वश्री विमल मिश्रा, राजीव झा, सागर पिंपलापुरे, एस.के. सैनी एवं प्रदीप चौधरी शामिल थे। महिला-पुरूष खिलाड़ियों के विभिन्न मुकाबले के एकल स्पर्धा में दिव्या आमदे, रजनीश ओबेराय विजेता एवं शारदा वर्मा, अशोक महेन्द्रू उपविजेता रहे। इसी तरह युगल मुकाबले में सर्वरी मोइत्रा - सुमन चतुर्वेदी, श्रीराम सांवले - रजनीश ओबेराय को विजेता एवं ईरा पंत - श्रद्धा वर्मा तथा अशोक महेन्द्रू - पी.वी.रमन को उपविजेता का खिताब प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निष्पक्ष संपादन में निर्णायक श्री के.बी. सिंह, भावेश आप्टे तथा आर्बजवर एच.के. बघेल की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा, आभार प्रदर्शन श्री जी.के. गंगवानी ने किया।



# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का शुभारम्भ




छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह 2014 का शुभारम्भ आज डंगनिया स्थित क्रीडा भवन में हुआ। 20 से 25 जनवरी तक आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धा में कंपनी मुख्यालय एवं रायपुर शहर स्थित विभिन्न कार्यालयीन कर्मचारी - अधिकारी शामिल होंगे। शुभारंभ समारोह के अतिथिगण पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक सर्वश्री जनार्दन कर, विजय सिंह एवं अनुप गर्ग थे। समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने खेल मैदान को आपसी मेलजोल और मधुर संबंधों में प्रगाड़ता का उम्दा माध्यम बताया। नये वर्ष पर खेल प्रतिस्पर्धा और खेल मैदान से जुड़ने को शुभ संकेत ठहराते हुए शुभकामनाएं व्यक्त किए। समारोह में परिषद के महासचिव श्री एस.एन. चौहान ने विशिष्टजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कंपनी के केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के कला सचिव (कला) श्री विजय मिश्रा ने शुभारंभ समारोह का संचालन करते हुये बताया कि खेल सप्ताह के अन्तर्गत महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिये टेबिल टेनिस, कैरम, व्हालीवॉल, शतरंज, ब्रिज, टेनिस बाल थ्रो, क्रिकेट के स्पर्धा प्रस्तावित है। मंचासीन अतिथियों का स्वागत डॉ. हेमंत सचदेवा, डी.के. तुली, शोभना सिंह, हेमलता पाठक, जितेन्द्र चौधरी, विनोद ग्रोवर ने किया।

# स्वदेशी मेला में पुरस्कृत हुआ पॉवर कंपनी का मंडप



बी.टी.आई. ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित स्वदेशी मेला में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा लगाये गये मंडप को सर्वश्रेष्ठ मंडप का पुरस्कृत प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार नगर निगम रायपुर के सभापित श्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। 03 से 09 जनवरी तक सम्पन्न हुये मेला में पॉवर कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्त ाओं की सुविधा, विद्युत संरक्षण एवं बिजली बिल में कमी लाने के उपाय के साथ ही विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण क्षेत्र में हो रहे विकास का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। पॉवर कंपनी के मंडप को अव्वल दर्जे पर पहुंचाने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों की टीम को नोडल अधिकारी मुख्य अभियंता (रायपुर क्षेत्र) श्री एम.एल. मिश्रा का उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिला। मेला स्थल पर पधारे आगंतुकों को अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. खरे, कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. श्रेष्ठ सहित सेन्ट्रल डिवीजन ईस्ट डिवीजन के अधिकारियों - कर्मचारियों ने जानकारियां दी।

# क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित दुर्ग में आयोजित ''गणतंत्र दिवस'' समारोह के मुख्य अतिथि - कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर उन्होंने देश के महान बलिदानी सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों तथा सम्माननीय उपभोक्ताओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें प्रेषित कीं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को श्री नारनवरे ने पुरस्कृत कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट / विशिष्ट कार्य करने वाले नगर सम्भाग दुर्ग में पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्री पी.अप्पाजी पटनायक एवं धारी चंद साहू परिचारक श्रेणी-एक (ला), लाईनमेन श्री टीकाराम साहू नगर भिलाई, श्री समरूल हक वाहन चालक एसटीआरई सम्भाग दुर्ग, श्री कुमार निर्मलकर परिचारक श्रेणी-दो (ला) संचा - संधा सम्भाग दुर्ग तथा गणेश श्रीवास्तव परिचारक श्रेणी-दो (ला) नगर पूर्व सम्भाग भिलाई को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक, प्रशस्ति-पत्र और मेमेंटो तथा 144वां तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले संचा - संधा सम्भाग दुर्ग में परिचारक श्रेणी दो (ला) के पद पर पदस्थ श्री होमन लाल निर्मलकर को पदक, प्रमाण-पत्र और मेमेंटो प्रदान किया गया। समारोह में अधिकारियों / कर्मचारियों सहित उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों के प्रति कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का संचालन आर.के. शर्मा द्वारा किया गया।

# पॉवर कपनी अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र विजेता कोरबा पश्चिम उपविजेता




छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपनी अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 26 से 31 दिसम्बर तक राजकुमार कालेज के खूबसूरत खेल मैदान में किया गया। कोरबा पश्चिम एवं रायपुर क्षेत्र के बीच खेले गये फाईनल मैच में रायपुर क्षेत्र ने लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

क्रिकेट स्पर्धा के समापन समारोह में राजकुमार कालेज के प्राचार्य श्री जे.बी. सिंह, मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ राज्य पारेषण कंपनी के एमडी श्री विजय सिंह अध्यक्ष, तथा मुख्य अभियंता (संचा-संधा) श्री एम.एल.मिश्रा, राजकुमार कालेज के बर्सर कर्नल अविनाश, कार्यपालक निदेशक(वित्त) श्री एम.एस.चौहान, क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री हेमन्त सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर एमडी श्री सिंह ने कहा कि खेल भावना से खेल स्पर्धा का आनंद द्विगुणीत हो जाता है। इसी क्रम में मुख्य अतिथि श्री जे.बी.सिंह ने कहा कि विद्युत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कराने वाले संस्थान के खिलाड़ियों ने खेल क्षेत्र में भी प्रदेश एवं देश में अपनी पहचान बनाई है।

स्पर्धा में बेस्ट बैट्समैन श्री महेश ठाकुर, बेस्ट आलराउंडर श्री रोहित वर्मा एवं बेस्ट बालर श्री जेड हुड्डा रहे। मैच में रायपुर क्षेत्र की ओर से श्री पी.के. खरे (कप्तान) तथा कोरबा पश्चिम की ओर से जेड हुड्डा (कप्तान) थे। पूरे कार्यक्रम को निर्विवाद संपन्न कराने में एम्पायर सर्वश्री शेख अनवर, सुदीप खरे एवं आब्जर्वर श्री जे.एस. वालिया की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन श्री योगेश नैयर ने एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# रायपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह



रायपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एम.एल मिश्रा ने ध्वजारोहण किया. उन्होने गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करते हुए पॉवर कम्पनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन का आव्हान अधिकारियों - कर्मचारियों से किया। समारोह में उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट / विशिष्ट कार्य करने वाले सर्वश्री कार्तिक राम निर्मलकर, दीपक कुमार धिरहे, राजेष कुमार बनकर, व्ही.एन. झा, रामजी साहू, धरम कुमार शर्मा एवं 143वां तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री व्यास नारायण तिवारी को पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत / सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी / कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया.

# राजनांदगांव क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रशासनिक भवन परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर श्री प्रहलाद सिंह, मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) के कर कमलों से ध्वजारोहण किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उपस्थितजनों को विद्युत से विकास की गति को अनवरत बनाये रखने प्रेरित किया। इस राष्ट्रीय पर्व पर मुख्यालय स्तर पर सर्वश्री अंकालू राम निषाद, ला.सहा. श्रेणी-एक, लक्ष्मी नारायण ताराम, परि. श्रेणी-एक, क्षेत्रीय स्तर के 06 अधिकारी / कर्मचारी सर्वश्री एस.के. बरगैयां, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, डोमेश्वर धनगुन कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, बेदूराम साहू, परि.श्रेणी-एक, प्रभुराम साहू, ला.परि.श्रेणी-एक, रामगुलाल मेश्राम, ला. सहा.श्रेणी-दो को कंपनी के हित में उनके द्वारा समर्पण भाव से किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री रघुनंदन याहके, अधीक्षण अभियंता द्वारा गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई देते हुये कंपनी के उत्तरोत्तर प्रगति के लिये कार्य करने का आव्हान किया. ध्वजारोहण समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अशोक पिल्लई, कल्याण अधिकारी ने किया।

# आदर्शिनी महिला मंडल की कल्याणकारी गतिविधियां

आदर्शिनी महिला मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा नववर्ष 2014 के आगमन पर क्लब की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा श्रीमती सिंह ने कहा कि नये वर्ष पर भी मिलकर सामाजिक, सांस्कृतिक सहित वृद्ध, अनाथ एवं निर्धनजनों के लिये हमें सक्रिय रहना है। महिला मंडल ने दुर्ग के निकट स्थित ग्राम पहन्दा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालय भवन निर्माण हेतु सहयोग स्वरूप धनराशि प्रदान की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा श्रीमती सिंह ने पुराने वर्ष में किये गये कार्यों और नये वर्ष के लिये निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी दी। क्लब सचिव श्रीमती नीलम मेहता ने कार्यक्रम को संचालित किया तथा सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को आगे भी बनाये रखने हेतु मंगलकामना व्यक्त की।



आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा मकर संक्रांति पर्व क्लब की संरक्षिका श्रीमती रेखा शिवराज सिंह की उपस्थिति में सोल्लास मनाया गया। डंगनिया परिसर स्थित महिला मंडल के कार्यालय में अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर सचिव नीलम मेहता ने मकर संक्रांति पर्व की जानकारी देते हुये हल्दी कुमकु किया तथा रोचक गेम्स खिलवाये। कार्यक्रम में श्रीमती ऊषा अग्रवाल, रश्मि सिंह, प्रमिला वर्मा, आभा शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।




आदर्शिनी महिला मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा सरस्वती अनाथ बाल कल्याण समिति भिलाई को 10 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। वेलेनटाइन दिवस पर कल्याणकारी कार्यों को अंजाम देते हुये क्लब की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्याओं ने आपसी भेदभाव भुलाकर सबसे मित्रता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित आनंद मेला में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सदस्याओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। क्लब की कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा अग्रवाल द्वारा आंनद मेला से अर्जित आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया। इस अवसर पर महिला क्लब की सदस्याओं ने विभिन्न रोचक गेम खेला। कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब की सचिव नीलम मेहता ने किया।

# बिजली चोरों से 42 करोड़ 32 लाख रुपए की वसूली

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं, अवैध कनेक्शनधारियों तथा बिजली चोरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। ऐसे उपभोक्ताओं के मामलों का त्वरित निपटारा करने प्रदेश भर में मैदानी अधिकारियों ने सक्रियता बढ़ा दी है। वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा में वृद्धि करने एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हेतु नए उपकेंद्रों की स्थापना एवं लाइनों की लंबाई में वृद्धि की गई। इसके बावजूद अवैध कनेक्शनधारियों तथा बिजली चोरों की वजह से विद्युत प्रणालियों में भार वृद्धि के अलावा वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की शिकायत दर्ज हो रही है। इसे नियंत्रित करने कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह के दिशा निर्देशानुसार संचारण / संधारण विभाग के अधिकारी तथा सतर्कता तथा सुरक्षा विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में आकस्मिक छापा मारी अभियान चला रहे हैं।

बिजली चोरी रोकने के अभियान की जानकारी देते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह ने बताया कि प्रदेश में अति. उच्चदाब कनेक्शनों की जांच करने हेतु 01 स्पेशल ईएचटी, स्कॉवाड, 01 सेंट्रल स्कॉवाड तथा 15 सर्किल में टीमों का गठन किया गया है। कुल 17 विशेष जांच दल में शामिल अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर आकस्मिक जांच में जुटी हुई है। आगे उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में चलाए गए अभियान के दौरान 36557 विद्युत कनेक्शनों की जांच की गई, जिसमें 2791 बिजली चोरी तथा 7104 में अन्य अनियमितताएं पाई गई। इनके विरुद्ध चोरी में लिप्त उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युतअधिनियम 2003 के अंतर्गत धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। बिजली चोरों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर के अतिरिक्त विशेष न्यायालयों में भी मामले दर्ज कराए जा रहे हैं।

वितरण कंपनी द्वारा अवैध कनेक्शन को रोकने उपभोक्ताओं को सरलतापूर्वक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की विशेष पहल भी की गई है, साथ ही बिजली चोरी बाहुल्य क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विद्युत मीटर को आवास के बाहर लगाने, ऐरियल बंच केबिल के स्थापना, ट्रांसफार्मर में विशेष मीटर की स्थापना जैसे कदम उठाए गए हैं।

# बिलासपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन प्रांगण में कार्यपालक निदेशक श्री शारदा सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह में उपस्थितजनों को उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई दी साथ ही प्रदेश एवं संस्था के हित में उत्कृष्ट कार्यशैली को बनाये रखने का आव्हान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों सर्वश्री ए.व्ही. त्रिपाठी, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक, ठण्डाराम वस्त्राकार, ला.परि. श्रेणी-एक, विश्वस्वरूप पाल कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, सुभाष कुमार दीवान परी.सहा. श्रेणी-एक, कुमार भट्टाचार्य कार्यालय सहायक श्रेणी-एक, विजय कुमार देवांगन, ला.परि. श्रेणी-दो। कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र-मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में उपस्थित श्री टी.के. मेश्राम, अति. मुख्य अभियंता एवं श्री के.एस. भारती अधीक्षण अभियंता, श्री ए.के. डे कार्यपालन अभियंता ने उत्कृष्ट कर्मियों को बधाई दी। इसी क्रम में कार्यपालक निदेशक श्री सिंह ने लेखा / तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर श्रीमती ममता वर्मा कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, श्री दिनेश कुमार चन्द्र ला.परि. श्रेणी-दो को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री के.एस. संधु, श्री के.एस. भारती, श्री ए.के. डे, श्री आर.पी. गुरूदीवान एवं श्री नरेश भावसार का योगदान रहा। श्री सुभाष शर्मा, श्री मनोहर यादव एवं श्री मेश्राम द्वारा संगीत गायन, श्री शुक्ला द्वारा कविता प्रस्तुति एवं महेश श्रीवास द्वारा कार्यक्रम संचालित किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस का आयोजन

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में मुख्य अभियंता श्री एम.एस. कंवर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री राजेश वर्मा अधीक्षण अभियंता (यांत्रिकी सुधार) की अध्यक्षता में एवं श्रीमती कंवर व श्रीमती वर्मा विशिष्ट आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा परेड सलामी/ निरीक्षण उपरांत सुख शान्ति के प्रतीक तिरंगा रंगों से सुसज्जित गुब्बारे छोड़े गये।

समारोह में श्री कंवर ने कहा कि आज विश्व में सबसे बड़े व सफल लोकतंत्र के रूप में हमारी पहचान बनी हुई है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। आज के इस पावन अवसर पर देश के महापुरूषों को नमन करते हुए आप सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई। आगे उन्होंने कहा कि हमारे संयंत्र के लिए कठिन भरा समय रहा है जिसका सामना करते हुए अधिकारियों / कर्मचारियों ने संयंत्र के सतत् संचालन में अहम भूमिका निभाई है।

इस वित्तीय वर्ष 2013-14 में इकाई क्रमांक - 2 ने 93.7 प्रतिशत का पी.एल.एफ. अब तक अर्जित किया है। साथ ही संयंत्र से विशिष्ट तेल खपत इस वर्ष 0.28 पर रही है। संयंत्र की दोनों इकाईयां पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन कर रही है। इसका श्रेय उत्कृष्ठ कर्मियों को देते हुए पुरस्कृत हुए कर्मचारियों / अधिकारियों से अन्य कर्मियों को प्रेरणा लेने का आव्हान करता हूं। समारोह का सफल संचालन श्री पी.आर. खुण्टे कल्याण अधिकारी तथा आभार प्रदर्शन श्री कुर्तीकुमार अधीक्षण अभियंता (मानव संसाधन) द्वारा किया गया।



# रायपुर क्षेत्र टेबिल टेनिस में विजेता एवं कबड्डी में उपविजेता



राजनांदगाँव क्षेत्र में आयोजित अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र को उपविजेता तथा अंतरक्षेत्रीय टेबिल टेनिस स्पर्धा में विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। खेल जगत की ऐसी उपलब्धियों के लिए रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.एल. मिश्रा सहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.एस. नेताम, अधीक्षण अभियंता श्री पी.एस. यादव ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

रायपुर क्षेत्र की कबड्डी टीम में शामिल खिलाड़ी सर्वश्री विजय कुमार बन्छोर, ओंकार सिंह कोर्राम, दीनबन्धु यादव, गुलजारी लाल बन्छोर, रामभरोसे मन्नेवार, गोपाल प्रसाद सोनवानी, भवानी प्रसाद फूटान, महेन्द्र साहू, योगेन्द्र साहू और मनेश्वर साकार ने बेहतर खेल प्रदर्शन कर रायपुर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

## शून्य दुर्घटना के लक्ष्य पर केन्द्रित

# कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के रायपुर एवं दुर्ग क्षेत्र में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य पर केन्द्रित कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम बलौदाबाजार सम्भाग, नगर सम्भाग पूर्व भिलाई, संचा-संधा सम्भाग भाटापारा, बालोद सम्भाग, राजिम, बेमेतरा संचा-संधा सम्भाग में सम्पन्न हुआ। विद्युत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु दो दिवसीय योग एवं कर्मचारी विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ सम्भाग प्रमुख कार्यपालन अभियंताओं ने किया। नगर पूर्व सम्भाग भिलाई में शिविर के समापन अवसर पर दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे के मुख्य आतिथ्य तथा अधीक्षण अभियंताद्वय श्री ए.के. गुहा एवं श्री विकास गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण कर्मियों को दुर्घटना से दूर रखने में सहायक सिद्ध होगा। श्रमिक शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद एस. धुर्वे की प्रशिक्षण शैली ने सबका ध्यान आकर्षित किया। पूर्व योग प्रशिक्षक श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि तनाव से मुक्त होने के लिये योग एवं प्राणायाम एक कारगर उपाय है। शिविर के संयोजक एवं संचालक कल्याण अधिकारी श्री वर्मा ने हमेशा जागरूक रहकर उपभोक्ताओं की सेवा करने, नशापान नहीं करने और विद्युत कम्पनी के राजस्व वसूली हेतु निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की शपथ दिलायी।



## दोहरा जीवन

एक राजा से एक चित्रकार ने अनुरोध किया- राजन, क्या मैं आपका चित्र बना सकता हूं? राजा ने अनुमति देते हुए कहा, जिस प्रकर चंद्रमा तारों के बीच सुशोभित होता है उसी प्रकार सभासदों के साथ मेरा चित्र बनाओ। रात में उसके पास राजा का एक दरबारी पहुंचा। उसने चित्रकार से कहा- देखो, मेरे कान छोटे हैं, पर चित्र में मेरे कान छोटे नहीं दिखने चाहिए। उसके बाद एक वृद्ध दरबारी आया। उसने कहा- बंधु, अब मैं बूढ़ा हो गया हूं। देखो, अभी मेरा पेट निकल गया है। चित्र में पेट इस रूप में न आए तो ठीक रहेगा। राजा ने चित्र देखा तो हैरान रह गया। उसने कहा- मेरा चित्र तो सही बनाया पर दरबारियों के चेहरे पर मुखौटा क्यों लगा दिय? चित्रकार ने राजा को बताते हुए कहा- कोई भी दरबारी अपने असली रूप में नहीं दिखना चाहता था। राजा ने कहा- हम दोहरा जीवन जीते हैं। अंदर से कुछ होते हैं, पर ऊपर से कुछ और दिखना चाहते हैं।

# अखिल भारतीय विद्युत मण्डल कैरम स्पर्धा में पॉवर कंपनी की टीम पुरस्कृत






छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की टीम ने अखिल भारतीय विद्युत मण्डल कैरम स्पर्धा में तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। छत्तीसगढ़ बनने के उपरांत यह पहला अवसर है जब कैरम स्पर्धा में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को यह रैंकिंग मिली। टीम चैम्पियनशिप में तृतीय स्थान लेकर राष्ट्रीय खेल जगत में प्रदेश एवं पॉवर कंपनी का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रबंध निदेशक सर्वश्री जनार्दन कर, विजय सिंह, अनूप गर्ग एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व मैनेजर श्री एच.आर. सिलारे के नेतृत्व में सर्वश्री आलोक गुहा (कप्तान) एस.के. मोदी कप्तान, विनोद राठौर, मुरारी भोयर एवं राजेश खरे ने किया। लखनऊ में संपन्न हुये उक्त स्पर्धा में महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश तथा गुजरात एवं उत्तरप्रदेश की टीम को पराजित करते हुये छत्तीसगढ़ की टीम ने यह गौरव अर्जित किया।

# पानी में फ्राई क्यों नहीं होता ?



पानी में चीजों को उबाला जा सकता है, लेकिन तला नहीं जा सकता। इसका कारण यह है कि पानी 212 डिग्री फेरनहाइट पर उबलने लगता है। इतना तापमान किसी खाद्य पदार्थ को फ्राई करने के लिए काफी नहीं होता। इतने तापमान पर खाना पानी सोखने लगता है। वहीं, तेल का हीटिंग पॉइंट 400 डिग्री फेरनहाइट से अधिक होता है। इससे चीज बाहर से पकने लगती है और पानी भाप बनकर बाहर निकलता है जिससे वह फ्राई हो जाती है।

# राजनांदगांव में अंतरक्षेत्रीय विद्युत कंपनी कबड्डी प्रतियोगिता



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, राजनांदगांव में 06 एवं 07 जनवरी 2014 को विद्युत कंपनी के पार्रीनाला स्थित 132 के.व्ही. उपकेन्द्र परिसर के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम को विजेता एवं रायपुर क्षेत्र की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह, श्री मधुकर जामुलकर अधीक्षण अभियंता श्री रधुकर याहके सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को चलित शील्ड एवं व्यक्तिगत पुरस्कार श्री रघुनंदन याहके अध्यक्ष आयोजन समिति श्री बी.पी. गुप्ता अधीक्षण अभियंता मुख्यालय एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के बेस्ट रेडर श्री राम भरोसे मन्नेवार रायपुर क्षेत्र एवं बेस्ट केचर श्री गुमान सिंह कोरबा पश्चिम को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के सफल संपादन में जिला कबड्डी संघ से निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष श्री डी.डी. साहू, श्री ललित कुमार साहू, यशवंत जंघेल, श्री जी.एस. नागवंशी एवं चौथराम साहू ने अपनी सेवायें प्रदान की। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में श्री अशोक कुमार पांडे प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहे।



# कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस समारोह

कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि श्री ओ.सी. कपिला ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने हसदेव ताप विद्युत गृह की पॉवर हाऊस क्रमांक-एक को वर्ष 2012-13 के लिये छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कपंनी द्वारा सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह घोषित किये जाने पर बधाई दी। वर्ष 2013 में शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करने पर भी अधिकारियों - कर्मचारियों एवं संरक्षा समिति के सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि इस उपलब्धि को हमें आगे भी कायम रखना होगा। इस उपलब्धि के लिये संयंत्र को कोरबा जिला स्तर पर भी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया गया।

संयंत्र प्रांगण में इस अवसर पर श्री अजय श्रीवास्तव, श्री ए.के. व्यास, अतिरिक्त मुख्य अभियंताद्वय श्री एस. टिल्लू प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री प्रवीण सेलट, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ, श्री एन.के.बिजोरा, वरिष्ठ अधीक्षण यंत्री, संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पलता कपिला, श्रीमती श्रीदा श्रीवास्तव, सहित अन्य सदस्यायें एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

रायपुर द्वारा चयनित सर्वश्री टी.के. हाजरा, मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनोज अग्रवाल एवं हेमन्त सिंह, कार्यपालन अभियंता द्वय को भी संयंत्र में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर भी चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री पी.के. दवे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह में कोरबा पश्चिम की प्रतिभाएं सम्मानित

कोरबा पश्चिम गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि श्री ओ.सी. कपिला द्वारा कक्षा बारहवीं की परीक्षा में छत्तीसगढ़ शिक्षा मण्डल से बादल कुमार तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से कुमारी नमिता तम्बोली को आवासीय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। आई.आई.टी. में श्री निखिल स्वेन, पीएमटी. में श्री योगेन्द्र कुमार पात्रे, पीईटी में श्री श्रेयस जायसवाल को आवासीय परिसर से चयन होने पर सम्मानित किया गया तथा श्री सौरभ सोनी को कैट परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।





सर्वश्रेष्ठ परेड के लिये विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्राथमिक विद्यालय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर के लिये बीकन हायर सेकेण्डरी स्कूल दर्री को तथा पूर्व माध्यमिक स्तर के लिये विद्युत गृह पूर्व माध्यमिक विद्यालय दर्री को शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का संयोजन श्री पी.के.दवे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी तथा संचालन श्री डी.के.रायचा एवं ए.के.मल्लेवार ने किया।

# गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित हुये कोरबा पूर्व के अधिकारी / कर्मचारी



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयंत्र में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों तथा ठेका कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री एम.एस. कंवर, मुख्य अभियंता (उत्पादन) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सर्वश्री ए.के. दत्ता, एस.के. टीकरिहा, सहित दिवाकर प्रसाद मिश्रा, भीखम टंडन राम बाबू गन्धर्व, आर.पी. गोस्वामी, स्वर्गीय जालंधर बरिहा, जी. शांडे, लालचन, जमील कुरेशी, उमेन्द्र कुमार दरियाना, रघुनाथ प्रसाद खरे, आनंद राम, हरिशचन्द्र पाटले, नितेश सिंह परिहार, नितेश सिंह परिहार, कीर्ति कुमार पैकरा, मुकेश कुमार भगत, मोनिका महिलांग, दया राम, राज, एन.बी. मिश्रा, यादव राम विश्वकर्मा, रविन्द्र राजवाड़े, अनिल कुमार गुप्ता, रूपेश भास्कर, एम.के.पटेल, अवधेश प्रसाद तिवारी, सहादत अली, तोमेश वर्मा, बंशीलाल मंडावी, निरज वर्णकार, संतोष सोनी, सारिका चन्द्राकर, संजय वैद्य, कुनाल रंजन, एस.एस.यादव, रूपेश कुमार साहू, महेन्द्र कुमार यदु, पुरस्कृत हुये।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले ठेका श्रमिकों में- सर्वश्री प्रह्लाद, विपेन्द्र साहू, किशोर कुमार कर्ष, सेत राम साहू, धनेश्वर चौरसिया, कुमार यादव, मोहम्मद सब्बिर खान, सलिल मंडल, आकर्ष झा, राजेन्द्र गोंड, पंकज कुशवाहा, संतोष दास महंत, निरंजन, राजीव मिश्रा, विनय कुमार नेताम, बसंत मांझी, मनोज पाण्डे, वीरेन्द्र राठौर, जीतेन्द्र कश्यप, दर्शन रजक रहे।

विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-एक में अध्ययनरत कु. कौशल्या, कु. कुसुम, कु. ममता, दीपक कुमार व हरिश कुमार को राष्ट्रीय गान के प्रस्तुतिकरण के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया क्रीडा स्पर्धाओं में चयनित हुये सर्वश्री विनोद राठौर, जीतेन्द्र सिंह, मुख्य रसायनज्ञ, व्ही.के. मिश्रा, मुकेश पटेल, शैलेन्द्र चौधरी, एस.के. सोनपुरे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मुख्य अभियंता श्री कंवर ने पुरस्कृतजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कोरबा पश्चिम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेलकूद स्पर्धा



मुख्य अभियंता श्री ओ.सी. कपिला तथा अति. मुख्य अभियंता (संचा.संधा.) श्री अजय श्रीवास्तवा के मार्गदर्शन में श्रम कल्याण केन्द्र कोरबा पश्चिम द्वारा अधिकारियों / कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए 10 जनवरी से 14 जनवरी तक गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम व शतरंज (जूनियर व सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम कल्याण समिति के सचिव आर.एस. रात्रे, कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। दिनांक 16.01.2012 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ में समापन व पुरस्कार वितरण समारोह श्री ए.के. व्यास, अति. मुख्य अभियंता सिविल के मुख्य आतिथ्य व श्री के.सी. अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता सिविल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री व्यास ने कहा कि ''जहां एक ओर खेलकूद स्पर्धाओं से बच्चो का शारीरिक व मानसिक विकास होता है वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कला एवं संस्कृति के प्रति बच्चों में अभिरूचि जागृत होती है। उन्होंने श्रम कल्याण केन्द्र के संचालक मंडल को आयोजन के लिये तथा विजेता - उपविजेता खिलाडियों को बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीत - संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। खेलकूद स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन जूनियर वर्ग में सर्वश्री राहुल टेम्भेकर व मोहनेष शुक्ला, सीनियर वर्ग में रवि पाण्डेय व सौरभ पटेल, टेबल टेनिस जूनियर में हितेश कुमार व ओंकार प्रसाद चन्द्रम सीनियर में रंजीत सिंह चहल व अकरम खान कैरम जूनियर में संदीप सेन व मो. सोहेल सीनियर में किशोर वर्मा व तुलेश्वर तथा शतरंज जूनियर में करम दास मानिकपुरी व शुभम क्रमशः विजेता व उपविजेता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रम कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों, संचार विभाग, परिसर स्थित शालाओं के प्राचार्य, शिक्षकों व विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सम्पूर्ण स्पर्धा का संयोजन - संचालन कल्याण अधिकारी श्री आर.एस. रात्रे द्वारा किया गया।

# मड़वा तेदूभांठा में गणतंत्र दिवस समारोह

मड़वा तेदूभांठा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह मे मुख्य अभियंता श्री ए.के. सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कर्मियों में शामिल सर्वश्री दीपक वर्मा, योगेश पाटिये, रमाकांत थवाईत, टी.राजशेखर, राजेन्द्र राठौर, कु. श्वेता सिंह सहित क्रीडा एवं कला समिति द्वारा आयोजित विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एस.पी.चेलकर, ए.के.जैन, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी - कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.के. शर्मा द्वारा किया गया।




# मड़वा तेदूभांठा में कूलिंग वाटर ट्रीटमेंट पर संगोष्ठी



मड़वा तेदूभांठा ताप विद्युत परियोजना में 04 फरवरी को कूलिंग वाटर ट्रीटमेंट पर केन्द्रित ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अभियंता श्री ए.के. सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एस.पी. चेलकर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। अधीक्षण अभियंता श्री पी.पी. मोडक एवं वरिष्ठ रसायनज्ञ श्री जे.आर. वर्मा के संयोजन में संपन्न संगोष्ठी में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों ने भागीदारी दी। मेसर्स सुजालकेम टेक्नोलॉजीस हैदराबाद द्वारा संगोष्ठी में दी जानकारियों को परियोजना के संचालन हेतु प्रतिभागियों ने उपयोगी ठहराया।

## विवेकहीनता

एक युवा कप्तान गलती से कुएं में गिर गया। सिपाहियों ने जब यह देखा तो वे उसे बचाने के लिए दौड़े और तुरंत कुएं में रस्सी फेंकी। कप्तान ने रस्सी पकड़ ली और वे उसे कुएं से बाहर खींचने लगे। पर जैसे ही कप्तान कुएं के मुहाने पर पहुंचा, सिपाहियों ने आदतन और दिए गए प्रशिक्षण के हिसाब से सावधान की मुद्रा में खड़े होकर अपने कप्तान को सलाम ठोका। इसका नतीजा यह हुआ कि रस्सी सिपाहियों के हाथ से छूट गई और कप्तान वापस नीचे कुएं में जा गिरा, तभी उस यूनिट का मेजर वहां आ पहुंचा। यह नजारा देखकर उसने सिपाहियों को पीछे किया और खुद रस्सी थामकर बड़ी मेहनत से कप्तान को ऊपर खींचने लगा। कुएं के मुहाने पर पहुंचकर ज्यों ही कप्तान ने देखा कि उसका मेजर वहां है तो उसने आदतन उसे सैल्यूट ठोंका। उसके हाथ से रस्सी छूट गई और वो फिर से वापस कुएं में जा गिरा।




# रंगोली में प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के अवसर पर रवीन्द्र सांस्कृतिक भवन सीनियर क्लब कोरबा पश्चिम में आयेजित रंगोली प्रतियोगिता में श्री डी.के. ढोमने, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना दिलीप ढोमने द्वारा श्रीमती माधुरी बड़गुजर के सहयोग से निर्मित की गयी रंगोली को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। अपनी रंगोली में उनके द्वारा गणतंत्र दिवस के केन्द्रीत कर भव्य, आकर्षक व भावपूर्ण चित्रण किया गया। बधाई...

# संकल्प महिला मण्डल द्वारा आनन्द मेला आयोजित



हसदेव ताप विद्युत गृह के रविन्द्र सांस्कृतिक भवन में संकल्प महिला मण्डल, कोरबा-पश्चिम द्वारा आनंद मेला का शुभारंभ श्री अशोक सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर 2×500 मेगावाट प्रोजेक्ट मड़वा के मुख्य आतिथ्य तथा श्री ओ.सी. कपिला, मुख्य अभियंता कोरबा पश्चिम के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आनंद मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाये गये थे। अधिकारियों ने फिल्मी गाना गाकर अपने पुराने दिनों की याद ताजा की। इस आयोजन को सफल बनाने में संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पलता कपिला के नेतृत्व में उपाध्यक्षा श्रीमती श्रीदा श्रीवास्तव, प्रमिला जैन, आरती व्यास, हंसा सेलट, सचिव श्रीमती कल्पना यादव, भारती राय, रूखमणी सिंह, कविता पण्डया, प्रवीणा, बापट, रोमी, कपिलेश तथा सुनीता जांगडे का सराहनीय योगदान रहा।



» संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देने वाले प्रथम व्यक्ति कौन हैं?

» भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की सर्वाधिक संख्या किस राज्य में है?

» गणना संयंत्र अबेकस का आविष्कार किस देश में हुआ था?

» कंप्यूटर में प्रोग्राम की सूची को क्या कहा जाता है?

» भारत का सिलिकॉन वैली कहां स्थित है?

» इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?

» विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?

» अभी हाल ही में प्रसिद्ध हुआ यह भारतीय क्रिकेटर जिसने काफी दिनों तक टिकट कलेक्टर के रूप में काम किया था?

» 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स की लेखिका कौन हैं?

» ऑलिव (जैतून) की शाखा किसका प्रतीक है?

अटल बिहारी वाजपेयी
महाराष्ट्र
चीन
इंडेक्स
बंगलौर
मधुमेह
2 दिसंबर
महेंद्र सिंह धोनी
अरुंधति राय
शांति का



**श्रवण चोरनेले 'श्रवण'**
कार्यपालन अभियंता
कोरबा पश्चिम

# नए साल की शुभकामनाएं...

आया नूतन वर्ष अनोखा, पुष्प पल्लवित बयार का।
लेकर खुशियों का संदेशा शुभकामनाएं हजार का।।

बिदाई और अगुआई की याद रहे पावन घड़ी।
अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हुए संसार का।।

नए वर्ष की पहली सुबह, मिटा दे यू सारी कलह।
परामर्श से उजाले की ओर बढ़ते हुए संसार का।।

दिल की धड़कन ही बस, लेखा जोखा है जीवन का।
सबके दिल में खुशियां भर दो, प्यार से बस प्यार का।।

मेरी चाहत बस इतनी सी कुछ लम्हें खुशियों के दे दो।
नए साल की शुभकामनाएं प्यार के अंबार का।।

सुखमय जीवन के लिए 'श्रवण' कीजिए बस इतना काम।
जीवन रहते ही कीजिए अर्पण, सार इस संसार का।।

# नववर्ष का सुखमय पल हो



**संध्या श्रीवास्तव**
अनुविभाग अधिकारी
दुर्ग

आवें प्रगति के अवसर पुनीत
अब नववर्ष में नई पहल हो

जीवन की अनसुलझी पहेली
का अब सरल कोई हल हो
तप के अंतस्तल से निकला
साफल्य का सुनहरा पल हो
बीती अंधियारी रातें काली
सुनहरी सुबह का सुखमय पल हो
अब नववर्ष में नई पहल हो

है समय बहती नदिया का जल
लहरों में हो कुछ ही हलचल
छंट जाएं दुख के अंधियारे बादल
सुख सपनों से उजला गगन हो
अब नववर्ष में नई पहल हो

निर्झरणी की धारा कलकल
बहता शीतल अमृतमय जल
धो दे बैर क्रोध मोर और
कलुषित पापी मन निर्मल हो
अवसाद निराशा भरा मानव मन
मनोहर पल से पुलकित आनंदित हो
अब नववर्ष में नई पहल हो

नव कलियां खिलती उपवन वन में
चंचल पवन महकाता चंदन हो
प्रतिक्षित पल के शुभ-शुभ क्षण में
साफल्य का सुनहरा पल हो
अब नववर्ष में नई पहल हो...

# जिदंगी का शगुन, फागुन



**ईरापंत**
सहायक प्रबंधक
वितरण कपंनी, रायपुर

मौसम की अधखुली खिड़की से,
इंद्र धनुष से रंग चुरा कर चुपके से,
भाग कर आया, पकड़ो वो फागुन है,

इक चिरौरी करती है, प्रीत की घड़ी,
नन्हीं है जीवन की डोर, कभी खुली कभी जुड़ी,
अनखुली गांठ के जोड़ से बने गठबंधन,
बांधे रिश्तों की डोर मधुर बंधन है,
इसे रोक लेना, ये फागुन है,

बच्चों की पिचकारी में समा कर,
रंगों की बौछार से भिगाता, झुर्री भरे पोपले गालों को,
सहलाता, याद बन गए, रंगीन मुखर गीतों को,
दिलों में आज भी जिनकी गुनगुन है।
हर शख्श को रंगता, अपने रंग में, इसमें इक जादुई गुन है।
ये फागुन है।

# ॥ कुर्यात सदा मंगलम् ॥



शारदेन्दु संग विभूति

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में वरिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर कार्यरत श्रीमती लखनी साहू के सुपुत्र चि. शारदेन्दु प्रकाश का शुभ विवाह सौ.का. विभूति सुपुत्री श्री सुबोध साव के साथ 18 जनवरी 2014 को छत्तीसगढ़ आंगन, दुर्ग में सानंद सम्पन्न हुआ। बधाई...



पूजा संग विवेक

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत श्री आर.यू. विश्वकर्मा की सुपुत्री सौ.कां. पूजा का शुभ विवाह श्री जे.पी. विश्वकर्मा के सुपुत्र चि. विवेक के संग 04 फरवरी 2014 को पुजारी पार्क रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

# हमारे गौरव



परिणीता अग्रवाल

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी हसदेव ताप विद्युत गृह में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत श्री एच.एस. अग्रवाल की सुपुत्री परिणीता अग्रवाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला से एम.टेक (स्नातकोत्तर) की उपाधि सिल्वर मेडल के साथ बॉयोटेक्नॉलाजी एवं मेडिकल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान 94.46 प्रतिशत अर्जित कर प्राप्त किया। वर्तमान में इसी संस्थान में पी.एच.डी. (बॉयोटेक) में वे अध्ययनरत् है। चित्रकला (फाइन आर्ट) में चित्र विशारद हायर सेकेण्डरी स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ प्रथम श्रेणी में पूर्ण कर ली है। बधाई...

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के बेमेतरा संभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत श्री पी.के. दुबे को विधानसभा निर्वाचन 2013 में उत्कृष्ट कार्य के लिए गणतंत्र दिवस समारोह 2014 में कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी जिला बेमेतरा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बधाई...



पी.के.दुबे

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय निबंध स्पर्धा में कु. डी. तेजस्वी को "सबके लिए आवास - अपना घर-हमारी कालोनी" विषय पर अंग्रेजी में लिखित निबंध स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पूर्व में भी अनेक लेखन, संगीत स्पर्धाओं में इन्हें पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त है। वर्तमान में सी.एस.आई.टी. दुर्ग में अध्ययनरत कु. तेजस्वी छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) कार्यालय में कार्यरत श्री डी.एल.मूर्ति की सुपुत्री हैं। बधाई...



कु. डी. तेजस्वी

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण / प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है। - मुद्रक

# गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत अधिकारी एवं कर्मचारी

कंपनी अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं अन्य उच्चाधिकारियों के साथ



छायाकार : संजय टेम्बे

मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स कंकालीपारा, रायपुर ▪ 98271-76089, 97527-11101

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर, फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702, website - www.cseb.gov.in